प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- कड़ी सुरक्षा के बीच राज्य के 14 लोकसभा सीट और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए 14 मतगणना केंद्रों में 1 हजार 4 सौ 92 टेबल पर सवेरे 8 बजे से मतों की गिनती जारी।

- सभी लोकसभा सीटों के लिए विधानसभा वार मतों की हो रही गिनती, चतरा और कोडरमा में सबसे अधिक 27 राउंड और खूंटी में सबसे कम 16 राउंड में होगी मतगणना पूरी।

- दो केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और अन्नपूर्णा देवी, 7 सांसद और 12 विधायक समेत 244 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का होगा फैसला।

- डीजीपी ने रांची में बढ़ते अपराध को लेकर पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक,अपराधियों और ड्रग्स पेडलर्स के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश।

- राज्य के कई हिस्सों में 7 जून तक हीट वेव का दिखेगा असर, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट।

*********************

झारखंड की 14 लोकसभा सीटों के लिए मतगणना की प्रक्रिया आज सवेरे 8 बजे से शुरू हो चुकी है। मतों की गिनती के लिए बनाए गए सभी 14 मतगणना केन्द्रों में 4 सौ 65 टेबलों पर पोस्टल बैलटो की गिनती सबसे पहले की जा रही है। इसके बाद ईवीएम के मतों की गिनती होगी। इसके लिए एक हज़ार चार सौ 92 टेबल लगाए गए हैं। सभी मतों की गिनती विधानसभा वार की जा रही है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि राज्य के सभी मतगणना केंद्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मतगणना केंद्र के अंदर किसी को भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं है । मतगणना पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है। वहीं, प्रत्याशियों के एजेंट अगर मतगणना केंद्र के बाहर आते हैं तो उन्हें दोबारा अंदर जाने की इजाजत नहीं मिलेगी।

*********************

प्रदेश के चौदह मतगणना केंद्रों में मतों की गिनती हो रही है। राजमहल लोकसभा सीट के लिए साहिबगंज, कोडरमा सीट के लिए गिरिडीह, गिरिडीह सीट के लिए बोकारो, सिंहभूम सीट के लिए चाईबासा और लोहरदगा सीट के लिए गुमला में मतगणना केंद्र बनाया गया है। राजमहल सीट के लिए तेईस, दुमका सीट के लिए चौबीस, गोड्डा सीट के लिए छब्बीस, चतरा सीट के लिए सताईस , कोडरमा सीट के लिए सताईस, गिरिडीह सीट के लिए उन्नीस, धनबाद सीट के लिए पच्चीस, रांची सीट के लिए बीस, जमशेदपुर सीट के लिए इक्कीस, सिंहभूम सीट के लिए चौबीस, खूंटी सीट के लिए सोलह, लोहरदगा सीट के बीस, पलामू सीट के लिए बाईस और हजारीबाग सीट के लिए पच्चीस राउंड तक मतों की गिनती होगी।

*********************

राज्य में 14 लोकसभा सीटों के लिए आज हो रही मतगणना को लेकर सभी मतगणना केन्द्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। मतों की गिनती को लेकर शुरूआती माहौल किस तरह का है इसकी जानकारी के लिए हम सीधे चलते हैं अपने संवाददाताओं के पास ।

*********************

राज्य की 13 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हैं, जबकि इसकी सहयोगी आजसू एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने 7, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 5, राष्ट्रीय जनता दल ने एक और सीपीआई– एमएल ने एक सीट के लिए अपनी चुनावी दावेदारी पेश की है। इसके अलावा बहुजन समाज के तीन उम्मीदवार हैं जबकि 211 निर्दलीय प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का फैसला आज होना है ।

*********************

राज्य की 14 लोकसभा सीटों के लिए 244 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला आज तय हो जाएगा। इनमें 211 पुरुष, 31 महिला और 1 ट्रांसजेंडर प्रत्याशी शामिल हैं। रांची में सबसे ज्यादा 27 उम्मीदवार और सबसे कम सात उम्मीदवार खूंटी सीट से चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा राजमहल से 14, दुमका से 19, गोड्डा से 19, चतरा से 22, कोडरमा से 15, गिरीडीह से 16, धनबाद से 25, जमशेदपुर से 25, सिंहभूम से 14, लोहरदगा से 15, पलामू से 9 और हज़ारीबाग़ से 17 प्रत्याशी है।

*********************

झारखंड से लोकसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और अन्नपूर्णा देवी की प्रतिष्ठा दांव पर है। वहीं, सात वर्तमान सांसद और बारह विधायकों के राजनीतिक भविष्य का फैसला भी आज होने जा रहा है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा खूंटी से और अन्नपूर्णा देवी कोडरमा से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार हैं। जबकि सांसदों में राजमहल से झामुमो के विजय हांसदा, रामगढ़ से एनडीए की सहयोगी और आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी तथा गोड्डा से निशिकांत दुबे, रांची से संजय सेठ, जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो, सिंहभूम से गीता कोड़ा और पलामू से बीडी राम भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में है। इसके अलावा विधायकों में राजमहल से निर्दलीय प्रतयाशी के रूप में लोबिन हेंब्रम, दुमका से भाजपा की सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन, गोड्डा से कांग्रेस के प्रदीप यादव, कोडरमा से सीपीआई एमएल के विनोद सिंह, गिरीडीह से झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो, धनबाद से भारतीय जनता पार्टी के ढुल्लू महतो, जमशेदपुर से झामुमो के समीर मोहंती, सिंहभूम से झामुमो की जोबा मांझी, लोहरदगा से निर्दलीय चमरा लिंडा और हजारीबाग से भाजपा के मनीष जायसवाल और कांग्रेस के जेपी भाई पटेल चुनावी मैदान में हैं।

*********************

गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए गिरिडीह के कृषि उत्पादन बाजार समिति में बनाए गए मतगणना केन्द्र में मतों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू हो गई है। यहां से झारखंड मुक्ति मोर्चा की कल्पना सोरेन और भारतीय जनता पार्टी के दिलीप कुमार वर्मा समेत 11 प्रत्याशी अपनी राजनीतिक किस्मत आजमा रहे हैं। पिछले वर्ष दिसंबर माह के अंत में झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक सरफराज अहमद द्वारा इस्तीफा दिए जाने के बाद इस सीट के लिए उपचुनाव हुआ है।

*********************

गुमला जिला मुख्यालय स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए मतगणना केंद्र में लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए मतों की गिनती शुरू हो चुकी है.

*********************

प्रवर्तन निदेशालय – ईडी ने कल ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन से करीब 11 घंटे तक पूछताछ की। ईडी ने उन्हें टेंडर कमीशन घोटाले मामले में पूछताछ के लिए दूसरी बार कार्यालय बुलाया था। ईडी की ओर से उनके चल और अचल संपति के संबंध में सवाल पूछे गए। ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले मामले में पिछले महीने छह मई को ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल के आवास सहित उनके नौकर जहांगीर आलम के फ्लैट और अन्य ठिकानों पर छापेमारी की थी।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने पुलिस पदाधिकारियों को अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं। वे कल रांची में बढ़ रहे अपराधी घटनाओं और पिछले तीन वर्षों के दौरान हुए आपराधिक घटनाओं तथा पुलिस कार्रवाई की समीक्षा कर रहे थे। पुलिस महानिदेशक ने संगठित आपराधिक गिरोहों, नए अपराधियों तथा ड्रग्स पैडलर्स के खिलाफ अभियान चलाकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीजीपी ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया है कि रात 11 बजे के बाद ड्रंक एंड ड्राइव की भी जांच की जाए।

*********************

जमशेदपुर के सोनारी थाना क्षेत्र स्थित एक ज्वेलरी शॉप में चौबीस मई को हुए लूटकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस वारदात में शामिल चार लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार करने के साथ लूट के पचास हजार रुपए, दो पिस्टल और कार्बाइन भी बरामद किए हैं। सभी लुटेरे का संबंध पलामू जिले से है और पहले भी कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं।

*********************

झारखंड में आज चौदह लोकसभा सीटों के चुनाव परिणाम को लेकर आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश के द्वारा जीवंत परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। जिसका प्रसारण रात आठ बजे से साढ़े आठ बजे तक होगा।

*********************

झारखंड में फिलहाल गर्मी से आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद नहीं दिख रही है। मौसम विभाग ने बताया है कि पूरे राज्य में सात जून तक हीट वेव का असर रहेगा। वहीं राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने इसे लेकर अलर्ट भी जारी किया है। बताया गया है कि आज गढ़वा, पलामू और चतरा में गर्मी बढ़ेगी और हीट वेव का ज्यादा असर रहेगा। वहीं मौसम विज्ञान केन्द्र ने कल रांची, रामगढ़, कोडरमा और हजारीबाग जिले में हीट वेव को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है।

*********************

आकाशवाणी, अमरीका और वेस्टइंडीज में आयोजित हो रहे आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्वकप का आंखो देखा हाल प्रसारित करेगा। भारत के सभी राउंड मैच, सेमीफाइनल और फाइनल का प्रसारण भी किया जाएगा। कॉमेंट्री के अलावा मैच के शुरू होने से पहले, पारी के ब्रेक के दौरान और मैच के बाद में अंग्रेजी और हिन्दी में विशेष कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाएगा।

*********************

अखबारों की सुर्खियां

लोकसभा चुनाव के मतों की गिनती आज और ईडी द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन से पूछताछ की खबर को राजधानी रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख समाचार पत्रों ने अपनी सुर्खी बनाई है।
प्रभात खबर ने लिखा है– झारखंड के 244 प्रत्याशी सहित देश के आठ हजार से अधिक उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला आज।
दैनिक भास्कर की सुर्खी है – 64 करोड़ वोट गिनकर नेताओं का हिसाब आज, मतगणना आठ बजे से।
दैनिक जागरण लिखता है– जनादेश का मंगल, भाजपा बहुमत के प्रति आश्वस्त, विपक्ष को एग्जिट पोल पलटने की आस।
हिन्दुस्तान ने लिखा है फैसले की घड़ी आई, चुनाव आयोग ने कहा गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं।
राष्ट्रीय नवीन मेल की सुर्खी है झारखंड में एक महिला सहित पांच नए चेहरों का संसद पहुंचना तय।
अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने सेंसेक्स एक दिन में रिकॉर्ड पच्चीस सौ सात अंक चढ़ा इस खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

*********************